Exam. Code: 0008
Sub. Code: 0655

2072
B.A./B.Sc.(Hons.)-4th Semester
Paper: Hindi

Time allowed: 3 Hours | Max. Marks: 90

**नोट: सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उत्तर सारगर्भित हों।**

-*-*-*-

प्रश्न–1: (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से **किसी एक** की व्याख्या करते हुए काव्य सौन्दर्य स्पष्ट करें:–

उसकी स्मृति, पाथेय बनी है थके पथिक की पन्था की
सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कन्था की?
छोटे–से जीवन की कैसे बड़ी कथाएं आज कहूँ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?

अथवा

खग–कुल कुल–कुल सा बोल रहा,
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई–
मधु मुकुल नवल रस गागरी।
अधरों में राग अमंद पिये,
अलकों में मलयज बन्द किये–
तू अब तक सोई है आली
आँखों में भरे बिहाग री! (12)

(ख) 'अशोक की चिन्ता' कविता में जीवन के बारे में कवि क्या कहना चाह रहा है?

अथवा

'लहर' काव्य–संग्रह में कवि ने अपनी कविताओं और प्रगीतों के माध्यम से किस प्रकार स्वयं को अभिव्यक्त किया है? (16)

प्रश्न–2: किन्हीं दस वाक्यों का हिन्दी अनुवाद करें:–

(a) Clarify the position please.
(b) For comments please.
(c) Keep pending.
(d) Verified and found correct.
(e) Orders may be issued.
(f) Expedite action.
(g) Copy enclosed for ready reference.
(h) Submitted for information.
(i) Kindly accord sanction.
(j) Matter is under consideration.
(k) I concur with the proposal.
(l) Amended draft is submitted for approval. (20)

***P.T.O.***

प्रश्न—3: निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखें:—

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) प्रकृति का प्रकोप

(ग) बच्चों का भविष्य और खाली घोंसले

(घ) किताबें पढ़ना कितना ज़रूरी.......

(ङ.) नौकरी और नारी

(च) युद्ध एक अभिशाप

(छ) धर्म और आध्यात्मिकता (10)

प्रश्न—4: प्रारूपण का अर्थ स्पष्ट करते हुए एक अच्छे प्रारूपण की विशेषताओं का उल्लेख करें।

**अथवा**

टिप्पण की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों पर प्रकाश ड़ालें। (10)

प्रश्न—5: समाचार पत्रों के लिए लेखन के समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

रेडियों के लिए किस प्रकार सामग्री तैयार कर प्रसारित किया जाता है? (10)

प्रश्न—6: (क) निम्नलिखित प्रत्ययों अथवा उपसर्गों में से किन्हीं तीन के तीन शब्द बनाएं:—

अति, इन, सु, ता, सद्, आहट। (3×2)

(ख) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दो को शुद्ध करें:—

कवी, रचियता, कृप्या, ब्राम्हन, विधालय, शमशान। (6×1)

_*_*_*_